# अटल भूजल योजना की रैंकिंग में अपना उत्तर प्रदेश नंबर वन

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के गांव गांव तक गुणवत्तायुक्त पानी पहुंचाने में अटल भूजल योजना की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश ने शीर्ष स्थान पाया है। ताजा आंकड़े दिसम्बर 2023 में जारी किए गए हैं।

हर घर नल से जल योजना के माध्यम से पानी तो गांव-गांव पहुंच ही रहा है, साथ ही जल संरक्षण में भी उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल हो चुका है। भू जल स्तर में गिरावट रोकने में देश के छह राज्यों से यूपी

## सात राज्यों में चल रही योजना में यूपी ने जिले, ब्लॉक स्तर पर कायम किए रिकॉर्ड

बचाने के अभियानों की वजह से यूपी ने गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, एमपी, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। यूपी के बाद महाराष्ट्र, तीसरे पर मध्य प्रदेश है। सभी सात राज्यों के 78 जिलों में यूपी के पांच जिले शामली, झांसी, ललितपुर, मुजफ्फरनगर और हमीरपुर टॉप 10 में शामिल हैं। देश के 193 ब्लॉकों में यूपी के पांच ग्राम पंचायतों में यूपी की सात ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों में मऊरानीपुर झांसी की भडरवारा ग्राम पंचायत, चकारा ग्राम पंचायत, खंडरका ग्राम पंचायत, रोरा ग्राम पंचायत और खरखोड़ा मेरठ की आढ़ ग्राम पंचायत, बुढ़ाना मुज्जफरनगर की अलीपुर अलटना ग्राम पंचायत और फुगाना ग्राम पंचायतें शामिल हैं।

इस बारे में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भूजल स्तर को बेहतर करने और किसानों को फायदा पहुंचाने के उददेश्य से